# SRRO सदस्यता अभियान

शॉर्ट टर्म सदस्यता आमंत्रण

सोशल रिफार्म्स एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन **(SRRO)** अपनी शॉर्ट टर्म सदस्यता हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। वर्ष 2013 में स्थापना के बाद से SRRO निरंतर समर्पित भाव से समाजहित में कार्य कर रहा है और एक विश्वसनीय सामाजिक संगठन के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

समाज के सक्रिय, जागरूक एवं सेवा-भाव से कार्य करने वाले व्यक्तियों द्वारा SRRO से जुड़ने की इच्छा समय-समय पर व्यक्त की जाती रही है। इसी उद्देश्य से संगठन ने ऐसे प्रमाणिक और समाजहित में योगदान देने के इच्छुक व्यक्तियों को जोड़ने हेतु शॉर्ट टर्म सदस्यता प्रारम्भ करने का निर्णय लिया है।

## सदस्यता की श्रेणी

संस्था में शॉर्ट टर्म सदस्यता आमंत्रित है। यह सदस्यता एक वर्ष के लिए होगी। इस अवधि में सदस्य की सक्रियता, सामाजिक जागरूकता, संस्था के प्रति समर्पण एवं निष्ठा का आकलन किया जाएगा। साथ ही, संगठन द्वारा संचालित सामाजिक कार्यों, कार्यक्रमों और अभियानों में सहभागिता को भी देखा जाएगा।

एक वर्ष पूर्ण होने के उपरांत SRRO टीम द्वारा सदस्य के कार्य एवं सहभागिता की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के आधार पर ही आगे की सदस्यता सुनिश्चित की जा सकेगी।

## एक वर्ष उपरांत सदस्यता के प्रकार

### 1. सक्रिय सदस्य

पांच वर्षीय इस सदस्यता के लिए शॉर्ट टर्म सदस्यता सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सदस्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सदस्यता टीम को प्राप्त विशेषाधिकारों के अंतर्गत तथा अध्यक्ष की अनुमति से प्रमाणिक महानुभावों को सार्वजनिक रूप से भी सदस्यता प्रदान की जा सकेगी। समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को मानद सदस्यता भी दी जा सकती है।

### 2. सामान्य सदस्य

शॉर्ट टर्म सदस्यता पूर्ण करने वाले पात्र सदस्यों को उनकी रुचि एवं संगठन की आवश्यकता के अनुसार स्थायी सदस्यता प्रदान की जा सकेगी।

## समय अवधि

**1.** शॉर्ट टर्म सदस्यता : एक वर्ष

**2.** सक्रिय सदस्यता : पांच वर्ष

**3.** सामान्य सदस्यता : 10 वर्ष

## अर्हताएँ

**1.** आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

**2.** आवेदक का किसी प्रकार का आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए।

**3.** आवेदक को अपने आधार कार्ड की दोनों ओर की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

## निर्देश

**1.** आवेदक को अपनी इच्छा (Willingness) स्वीकार करते हुए सक्रिय सहभागिता का वचन देना होगा।

**2.** सभी प्रकार की सूचनाएं भेजने हेतु मोबाइल पर संदेश एवं कॉल प्राप्त करने की सहमति प्रदान करनी होगी।

**3.** आवेदक अपनी रुचि अथवा योगदान के क्षेत्र की जानकारी भी दे सकता/सकती है।

**4.** संगठन के कार्य, नाम अथवा पहचान का उपयोग बिना पूर्व अनुमति के निजी कार्यों में नहीं किया जा सकेगा।

5. किसी सदस्य के आपराधिक कार्यों अथवा असामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित होने की जानकारी प्राप्त होने पर उसकी सदस्यता तत्काल समाप्त की जा सकती है।
6. संस्था के विरोध में दिए गए बयान अथवा संस्था-विरोधी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर नोटिस जारी किया जाएगा। पांच दिन के भीतर संतोषजनक उत्तर न मिलने पर सदस्य को निष्कासित किया जा सकता है।
7. किसी भी प्रकार के विवाद को सीधे न्यायालय में ले जाने के बजाय पहले संस्था के समक्ष अधिकृत रूप से प्रस्तुत करना होगा।
8. सभी कार्यों का निष्पादन सर्वसम्मति से किया जाएगा। सर्वसम्मति न बनने की स्थिति में निर्णायक समिति का निर्णय अंतिम होगा।
9. किसी सदस्य को पहचान पत्र अथवा प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

## आयु सीमा

1. पुरुष : 18 से 55 वर्ष
2. महिला : 20 से 50 वर्ष
3. परालैंगिक : 25 से 50 वर्ष

## विद्यार्थियों को विशेष प्राथमिकता

1. महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. विद्यार्थी इस सदस्यता अभियान को रिसर्च, सामाजिक सरोकारों से जुड़े ब्लॉग लेखन एवं समाजहित के कार्यों में अपनी प्रतिभा का उपयोग करने के अवसर के रूप में देख सकते हैं।

### Willingness Declaration

मैं स्वेच्छा से सोशल रिफार्म्स एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (SRRO) की सदस्यता ग्रहण करता/करती हूँ। मैं संगठन की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का वचन देता/देती हूँ तथा सभी प्रकार की सूचनाएं प्राप्त करने हेतु मोबाइल पर संदेश एवं कॉल के माध्यम से संपर्क किए जाने की सहमति प्रदान करता/करती हूँ।